तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

14 ऑनलाइन कोचिंग सेंटर का शुभारंभ, यूपीएससी...



14 जसनि शिविर में विधायक ने किया ग्रामीणों को ...





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

मुठभेड़ : मुठभेड़ में एक पुलिस उपनिरीक्षक व दो पुलिसकर्मी घायल

# हथियार लूटने पुलिस दस्ते पर अंधाधुंध की फायरिंग, मुठभेड़ में 12 माओवादी ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- 3 नग एके 47 रायफल, 2 नग इंसास रायफल, 1 नग कार्बाइन राइफल, 1 एसएलआर राइफल बरामद
- 7 पुरुष और 5 महिला नक्सली ढेर, 86 लाख रूपए का था इनाम





गढ़चिरौली पुलिस ने 17 जुलाई को कोरची टिपागढ़ और चटगांव कसनसुर दलम के लगभग 12 से 15 माओवादियो द्वारा आगामी नक्सली सप्ताह 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मद्देनजर विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने के इरादे से छत्तीसगढ़ सीमा के पास वांडोली गांव के पास वन क्षेत्र में डेरा डाले हुए थे। गढ़चिरौली पुलिस बल के विशेष मिशन दस्ते की सात टीमों को सदर जंगल क्षेत्र में भेजा था। जंगल में छुपे माओवादियों ने जवानों को मारने और उनके हथियार लूटने की नियत से उन पर अंधाधुंध फायरिंग किया। जवानों ने जवाबी कार्रवाई और आत्मरक्षा में माओवादियों की ओर फायरिंग किया। पुलिस का दबाव बढ़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। मुठभेड़ के बाद जवानों ने जंगल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन किया तो घटनास्थल पर 7 पुरुष और 5 महिला नक्सली मृत पाए गए और उक्त मृत नक्सलियों की पहचान किया गया।

गढ़चिरौली पुलिस ने आगामी नक्सली सप्ताह 28 जुलाई से 3 अगस्त के मद्देनजर विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने के माओवादी प्रयासों को विफल कर दिया। गढ़चिरौली पुलिस बल के पांच एसीएम क्षेत्र समिति सदस्य और चार दलम सदस्यों के साथ तीन डीवीसीएम डिवीजनल कमेटी सदस्य रैंक के वरिष्ठ कैडर को गिरफ्तार करने में सक्षम था। महाराष्ट्र सरकार ने इन पर संयुक्त रूप से 86 लाख का इनाम घोषित किया था। मौके से 7 स्वचालित हथियार बरामद किया। मुठभेड़ में पूरे कोरवी टिपगाड और चटगांव ▶▶ शेष पेज 12 पर

### मृत नक्सलियों में 2 पर 16 लाख तक का था इनाम

मृत नक्सलियों में 16 लाख इनामी डीवीसीएम योगेश डाउसिंग तुलावी उर्फ नरेंद्र, 16 लाख इनामी डीवीसीएम विशाल कुल्ले अत्राम उर्फ लक्ष्मण, 16 लाख इनामी डीवीसीएम प्रमोद लालसाय कचलामी उर्फ दलपत, 6 लाख इनामी डिप्टी कमांडर महारू धोबी गावड़े,6 लाख इनामी उप कमांडर अनिल देवसाय डारोन उर्फ देवा, 6 लाख इनामी एसीएम विज्जू, 6 लाख इनामी एसीएम सरिता जरा परसा उर्फ मीना, 6 लाख इनामी एसीएम रज्जो मंगल सिंह गावड़े उर्फ समिता, 2 लाख इनामी पीएम रोजा, 2 लाख इनामी पीएम सागर, 2 लाख इनामी पीएम चंदा पोद्यम, 2 लाख इनामी पीएम सीता हॉक कुल इनाम 86 लाख रूपए। उपरोक्त मृतक माओवादियों पर संघर्ष, आगजनी और हत्या आदि का आरोप एवं विभिन्न मामले दर्ज किए गए है।

### नक्सली सामग्री जब्त

मुठभेड़ में पुलिस बल को 3 नग एके 47 रायफल, 2 नग इंसास रायफल, 1 नग कार्बाइन राइफल, 1 एसएलआर राइफल के अलावा डेटोनेटर, बीजीएल व अन्य नक्सली सामग्री जब्त करने में सफलता मिली है।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो की ठोकर से पैदल महिला घायल




**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतगर्त 40 वर्षीय महिला अपने घर से निकल कर पैदल चलते अपने भाई के घर जा रही थी, तभी पीछे से आ रही बोलेरो वाहन चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से महिला को चोट आई है। भानुप्रतापुर थाना में शिकायत करने पहुंचे संजयपारा निवासी 40 वर्षीय नजरिन बेगम पति ताहिर खान ने पुलिस को बताया की मै 17 जुलाई को सुबह करीबन 8 बजे अपने घर से निकलकर पैदल अपने भाई शेख नसीम खान के घर जा रही थी। क्लिनिक के पास पहुंची थी, तभी पीछे से आ रही आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 3615 के चालक सुनील जयते द्वारा अपनी बोलरो वाहन ▶▶ शेष पेज 12 पर

# मलेरिया उन्मूलन कार्यों का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भानुप्रतापपुर ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर तरांदुल अंतर्गत ग्राम कठोली में जाकर मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आरएचओ महिला, पुरुष, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मुलाकात कर गांव के प्रत्येक व्यक्ति का मलेरिया जांच करने निर्देशित किया गया। मलेरिया पाजीटिव प्रकरण को पूर्ण उपचार देने, रैपिड फीवर सर्वे करने, बर्तन, टंकी, टायर आदि में पानी के जमाव को रोकने, मच्छरदानी के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यालय के शिक्षक, कोटवार से मिलकर मलेरिया के रोकथाम पर चर्चा की गई। पीएचसी हाटकर्रा में मलेरिया एवं डायरिया नियंत्रण दवाइयों की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मलेरिया निरीक्षक, एमटीएस, जिला मलेरिया सलाहकार भी उपस्थित रहे।

### मलेरिया जांच करने का दिया निर्देश

सीएमएचओ ने सभी ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों का मलेरिया जांच करने निर्देशित किया गया। सभी स्टाफ को मुख्यालय में रहकर कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया।

## दहेज के लिए मारपीट, ससुराल पक्ष के 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम पेटोली में शादी के दो महिने बाद परिवार वालों के द्वारा बहू के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ीत करने का मामला समाने आया है। उसकी गर्भ में पल रहे 3 महिने के बच्चे को गर्भ निरोधक दवाई खिलाकर भ्रुण हत्या कर दिया गया। प्राथिंया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति, सास, ससुर, ननद, जेठ, जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पेटोली निवासी 27 वर्षीय हेमलता साहू पति जीवन लाल साहू ने पुलिस को बताई की मेरी शादी के दो महीने के बाद से ही मेरे पति के द्वारा तुम मुक्षे पसंद नही हो, मैं मजबुरी में शादी किया हूं कहकर मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट करते है। मारपीट करते हुए आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ीत करते रहते है, जिससे मुझे मानिसक तनाव होता है। मेरे सास, ससुर, ननद, जेठ, जेठानी मेरे साथ गाली गलौज करते है तथा मेरे पति का मारपीट करने में साथ देते है। मेरे पति कुछ भी काम नही करते है तथा आए दिन शराब पीकर मेरे से मारपीट करते है। गर्भ मे 3 महीना का बच्चा को गर्भ निरोधक दवाई खिलाकर भ्रुण हत्या कर दिया। आरोपी पति ने ▶▶ शेष पेज 12 पर

## निर्माणाधीन काम्पलैक्स से कटर और ग्लेंडर की चोरी



**कांकेर।** शहर के मांझापारा पोटाई बाड़ा में काम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है, जहां पर टाईल्स लागाने के लिए मजदुरों के द्वारा काम किया जा रहा है। मजदुर काम खत्म करने के बाद घर चले गए। अगले दिन जब काम पे गए तो देखे की उनके सामान की चोरी हो गई थी। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे एकता नगर कांकेर निवासी 35 वर्षीय बजरंग सिंह पिता तेज सिंह ने पुलिस को बताया कि मांझापारा पोटाई बाड़ा में काम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। वहा पर मैं टाईल्स लगाने का काम कर रहा हुं। 16 जुलाई को काम्पलेक्स में काम खत्म होने के बाद शाम करीबन 6 बजे मजदुरों के साथ मैं भी चला गया था। अगले दिन 17 जुलाई को सुबह करीबन 8 बजे काम्पलेक्स में प्रतिदिन की तरह काम करने आया तो देखा की 2 नग कटर मशीन व 2 नग ग्लेंडर नही था। किसी अज्ञात ▶▶ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी में सीपेज से बच्चों को बैठने में हो रही परेशानी

**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा चाहचाड़ का भवन पहली बारिश में सीपेज कर रहा है। सीपेज होने के कारण पानी जमा हो रहा है। बच्चों को बैठने में भारी परेशानी हो रही है। पटेलपारा चाहचाड़ के ग्रामीण सनीराम दुग्गा ने बताया कि भवन निर्माण सही नहीं होने के कारण बारिश से सीपेज हो रही है। भवन ज्यादा पुराना नहीं है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने के कारण सीपेज हो रहा है। भवन की छत जर्जर हो गई है, सरिया दिखाई दे रही है। यह भवन बच्चों के लिए खतरा हो साबित हो सकता है। ग्रामीणों का कहना था कि इस समस्या के बारे में संबंधित स्थानीय अमले को जानकारी दिया गया है, परंतु किसी भी तरह की सुधार की पहल आज तक नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बारे में अधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया जा चुका है, परंतु स्थानीय जनप्रतिनिधि भी जर्जर आंगनबाड़ी के सुधार के लिए किसी भी तरह की पहल आज तक नहीं किया है। ग्रामीणों की प्रशासन व सरकार से माँग किया है कि इस बड़ी समस्या को देखते हुए जर्जर आंगनबाड़ी को ठीक करने की मदद करें।

### एक पेड़ मां की नाम थीम पर किया पौधारोपण

**सरोना।** शाबउमावि सरोना में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करके एक अद्वितीय पहल की ओर कदम बढ़ाया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य उर्मिला सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता सतीश प्रकाश नेताम, प्रदीप कदम, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, केशव लाल कोराम और कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सिन्हा ने अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से इसे सफल बनाया।

इस उत्सव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक खुसाल सुरोजिया, देवेश हिरवानी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवको की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो की वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके पालन-पोषण का संकल्प भी लिया। समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएँ छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और इस प्रक्रिया में अपना समर्थन दिया ।

### पटवारी आंदोलन को शिवसेना का समर्थन

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के द्वारा भानुप्रतापपुर दुर्गुकोंदल अंतागढ़ के पटवारी प्रदेश स्तरीय आंदोलन को शिवसेना द्वारा आंदोलनरत पटवारी के धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी वाजिब मांगों का समर्थन किया, एवं कहा कि विगत सरकार के समय से पटवारी अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है। किंतु सरकार बदलने के बाद आज भी पटवारी को अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है। जो की निरासाजनक विषय है। शिवसेना सरकार से मांग करती है कि अभिलंब पटवारीयों की वाजिब मांगों को पूरा करें, क्योंकि पटवारीयों की हड़ताल के कारण किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों का कई काम में देरी हो रही है। किसानों को भटकना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को भटकना पड़ रहा है।

### मोटरसायकिल की ठोकर से स्कूटी सवार महिला घायल

**कांकेर।** भापुप्रतापपुर थानांतर्गत सेंट जोसफ स्कूल नारायणपुर अपनी बेटी को लेने जा रही स्कूटी सवार महिला परशुराम चौक भानुप्रतापुर के पास पहुंची थी तभी आरोपी मोटर सायकल चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया, जिससे महिला स्कूटी समेत जमीन पर गिर गई। गिरने से महिला को गंभीर चोट आई है, जिसे ईलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर में भर्ती किया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आईएस कालोनी भानुप्रतापपुर निवासी सेवानिवृत्त प्लाटुन कमाण्डर विष्णु गावड़े ने पुलिस को बताया की शंकरनगर निवासी 38 वर्षीय शशिकला नरेटी पति महेश नरेटी 16 जुलाई को दोपहर 3 बजे वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 7224 में सवार होकर सेंट जोसफ स्कूल नारायणपुर अपनी बेटी को लेने जा रही थी।

---

**गड़बड़ी : महिला बाल विकास ने गर्भवती व शिशुवती माताओं को भी नहीं बख्शा**

# 6 परियोजनाओं में बांट दी गई महिलाओं को निम्न स्तर की 1800 मदर बेबी किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

महिला एवं बाल विकास के जिम्मेदारों ने गर्भवती व शिशुवती माताओं को भी नही बख्शा। इस विभाग ने छह परियोजनाओं के लिए 1800 मदर बेबी किट का वितरण किया। 95 लाख रुपए की कीमत की मदर बेबी किट आंगबाड़ियों में वितरित की गई है। एक मदर बेबी किट की दर 5278 रुपए है। सूचना के अधिकार से निकली जानकारी में यह कीमत दस्तावेजों में दर्शाई जा रही है। जब कि बाजार में इसी गुणवत्ता की मदर बेबी किट 800 से 1000 रुपए में उपलब्ध है। 95 लाख की खरीदी में बड़ा झोल साफ दिख रहा है। गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं सूत्रों की माने तो मदर बेबी किट खरीदी में कमीशन खोरी का बड़ा खेल खेला गया है। जांच करने पर मामला स्पष्ट हो जाएगा।

**95 लाख की खरीदी में बड़ा झोल, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल**



### इन केंद्रों में बांटी गई सामाग्री

बचेली, गीदम, बारसूर, कटेकल्याण, बड़ेगुडरा और किरन्दुल परियोजनाओं में सामग्री का वितरण किया गया है। एक परियोजना में 300 किट दी गई है। कुल 1800 किट का वितरण किया गया है। सभी परियोजनाओं में जितनी सामग्री दस्तावेजों में दर्शाई गई है, किसी में भी पूरी नही भेजी गई है। गुणवत्ता पर तो लोग सवाल खड़े कर ही रहे है, साथ ही इस खरीदी में बड़े भ्रष्टाचार की भी बू आ रही है। हालांकि कोई भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस पूरे मामले पर खुल कर बोलना नही चाहती है। न ही परियोजना अधिकारी कुछ कहना चाहती है।

### कम रेट वाले ने दिया सामान

टेंडर हुआ है, जो लोएस्ट रेट आया उसी आधार पर मदर बेबी किट की खरीदी हुई है। किट में सामग्री कम है, तो उसका उपयोग कर लिया गया होगा।

**वरुण सिंह नागेश**
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला बाल विकास अधिकारी
दंतेवाड़ा

### एक किट में 29 नग बांटी गई सिर्फ 10 से 15

इन दस्तावेजों में एक किट में दर्ज 29 सामग्री है। इन सभी सामग्री को आंगनबाड़ियों में दिया जाना था। इसकी जब पड़ताल की तो महज 10 से 15 सामग्री ही गर्भवती व शिशुवती माताओं को दिए गए है। आंगनबाड़ियों में जाने के बाद ब मुश्किल मदर बेबी किट को आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिखाया है। नाम न छापने की शर्त पर एक आंगन बाड़ी कार्यकर्ता ने कहा सामग्री सप्लाई होने के बाद साफ कह दिया गया था, कि कोई भी मदर बेबी किट किसी को नहीं दिखाना है। इस किट की खरीदी में कितना बड़ा खेल किया गया है, किट देख कर ही पता चल जाता है।

---

# शिविर में दिव्यांगों को उपकरण का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

नगर के सामुदायिक भवन में गुरुवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में कांकेर सांसद भोजराम नाग पहुंचे। शिविर में विकासखण्ड फरसगांव के समस्त ग्रामों से आये हुए दिव्यांगजन का चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया उसके पश्चात चिकित्सकों के अनुशंसा के आधार पर दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण ट्रायसिकल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, छड़ी, व्हीलचेयर इत्यादि, कृत्रिम हाथ, पैर इत्यादि वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, तरुण साना, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, एसडीएम अशवन पुसाम, तहसीलदार डॉ जयकुमार नाग, जनपद सीईओ जी एल चुरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

■ शिविर में सांसद नाग ने किया वितरित

---

# मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के थाना किरंदुल-अरनपुर, जिला सुकमा के थाना जगरगुंडा एवं जिला बीजापुर के थाना गंगालूर बासागुड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडी तुमनार, पीड़िया, तामोड़ी के आसपास जंगल पहाड़ियों में माओवादियों के दरभा डिविजन डीवीसीएम सचिव जगदीश और पश्चिम बस्तर डिविजन डीवीसीएम दिनेश तथा कंपनी नंबर-2 कमांडर वेल्ला की उपस्थिति की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर दो दिन पूर्व 16 जुलाई को जिला दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा के डीआरजी बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, सीआरपीएफ कोबरा, सीआरपीएफ 111 वीं वाहिनी, 230 वीं वाहिनी, 231 वीं वाहिनी,195 वीं वाहिनी की यंग प्लाटून द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 जुलाई को थाना किरंदुल क्षेत्रांतर्गत पुरंगेल और इरालगुडेम के मध्य डीआरजी बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा की टीम पर माओवादियों ने एंबुश लगाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। सुरक्षाबलों ने मोर्चा सम्भाल कर जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से भाग गए। फायरिंग रुकने के बाद घटनास्थल की सर्चिंग की गई, जहां पर एक महिला माओवादी का शव हथियार और नक्सल सामग्री सहित बरामद हुआ।

■ मौके से शव और हथियार सहित नक्सल सामग्री बरामद

### अन्य नक्सलियों के घायल होने की संभावना

शव की शिनाख्तगी की कार्रवाई की जा रही है। मुठभेड़ में और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है, सभी सुरक्षाबल सुरक्षित है।

**सुंदरराज पी.** आईजी, बस्तर

---

# 9 साल बाद भुरसीडोंगरी में हुआ माता पहुंचानी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम विकास समिति भुरसीडोंगरी के तत्वावधान में 9 साल बाद माता पहुंचानी का कार्यक्रम हुआ। बताया जाता है कि कुछ कारणों से देवी कार्य नहीं हो रहा था। जगदलपुर के रजवाड़ा अंग देवता को ग्रामवासी द्वारा निमंत्रण देकर बुलाया गया और देवी कार्य कराकर शुद्धिकरण किया गया। नया शीतला माता का मंदिर निर्माण कर नया गायता पुजारी जोहर लाल नागवंशी, रविंद्र साहू को बनाया गया । उन्होंने माता की पूजा कर शीतला माता से माता पहुंचानी की अनुमति ली जिसके बाद से देवी कार्य प्रारंभ हुआ। नौ वर्ष बाद माता पहुंचानी कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर महेंद्र कुमार साहू, भीम रजक, लोमश साहू, नेमीचंद, सूरज मरकाम का कहना है कि बहुत साल के बाद इस प्रकार के कार्यक्रम होने पर गांव में खुशी का माहौल है। भारी बारिश होने पर गांव के लोगों ने छाता लेकर शीतला माता मंदिर की सात परिक्रमा कर गांव की सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा।

---

# जनता से रूबरू होने जनता दरबार लगाएंगे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विधायक लखेश्वर बघेल आगामी अगस्त माह में अपने विधानसभा क्षेत्र के बड़े गांवों में जनता दरबार लगाएंगे। इसके लिए उन्होंने बस्तर व बकावंड जनपद के सीईओ को ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने व कार्यक्रम में जनपद स्तर के अधिकारियों या उनके प्रतिनिधि को उपस्थित रहने के लिए पत्र लिख कर निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बस्तर अंतर्गत ग्राम पंचायतों में उपस्थित होकर जनता के बीच बैठकर उनसे चर्चा कर उनकी समस्याएं व आवश्यकताएं जानना है ताकि उसके निराकरण के लिए आवश्यकतानुसार संभागीय और जिला प्रशासन के अंगों व राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री अथवा मंत्रीगणों तथा राज्य स्तर पर बैठे अधिकारियों से चर्चा व पत्राचार किया जा सके। जनता से यह भेंट-मुलाकात का आयोजन जनता दरबार के रुप में होगा। जनता दरबार दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक रहेगा। गौरतलब है कि लखेश्वर बघेल लगातार तीसरी बार बस्तर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए हैं। वे बस्तर में अग्रिम पंक्ति के कांग्रेस के लीडर हैं और जनता से सतत सम्पर्क बनाए रखने उनके सुख दुख में सहभागी बनने निरंतर कार्यक्रम संचालित करते रहे हैं। जगदलपुर स्थित शासकीय आवास में वे रोजाना डेढ़ से दो सौ लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण की न केवल पहल करते हैं बल्कि दिन के दूसरे पहर में विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनसमस्याओं का निराकरण करते हैं। इसी कड़ी में जनता दरबार का यह नया कार्यक्रम किया गया है। विधायक लखेश्वर बघेल का जनता दरबार 1 अगस्त को बस्तर मुख्यालय, 7 को बकावण्ड मुख्यालय, 11 को जैतगिरी, 12 को जैबेल, 16 को करपावण्ड, व 17 अगस्त को मधोता और बस्तर में लगेगा।

■ 1 अगस्त से शुरू होगी गांवों में जनता से मेल मुलाकात



---

# महाविद्यालय में नए कोर्स के लिए उमेश ने सांसद को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने लोकसभा महासमुंद क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी को पत्र देते हुए महाविद्यालय की समस्याओं के बारे में अवगत कराए।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी भी उपस्थित थीं। श्री साहू ने धमतरी पीजी कॉलेज में आईआईएम की पढ़ाई शुरू करने, एमए साइकोलॉजी का कोर्स प्रारंभ करने, एमए, एम काम, बीएससी की सीट में वृद्धि, छात्र-छात्राओं के लिए ऑडिटोरियम, रायपुर स्थित नालंदा की तर्ज पर ग्रंथालय, आईटीईपी, कुकरेल में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना करने की मांग की। मौके पर पीजी कॉलेज के छात्र सुभाष यादव, मनीष साहू, कीर्तन मीनपाल समेत अन्य उपस्थित थे।



---

# विभिन्न जगहों पर लगाए गए छायादार और फलदार पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी क्षेत्र अंतर्गत सघन पौधरोपण अभियान चलाया गया। हाईस्कूल मैदान, गांधी बाल उद्यान, मुक्तिधाम, मुक्तिधाम वार्ड 9, कम्पोस्ट सेन्टर, बांधा तालाब, शासकीय कन्या उमावि सहित अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, अजय नाहटा उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, सुनील निर्मलकर सभापति, प्रफुल्ल अमतिया पार्षद, सोहन चतुर्वेदी, अश्वनी निषाद पार्षद, कमल डागा, संत कोठारी, चेलेश्वरी साहू सहित पार्षदगण व नगर पंचायत नगरी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

---

# सवा लाख गायत्री मंत्र जाप की हुई शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में मातृत्व शक्ति की जन्म शताब्दी व गुरु पूर्णिमा के पूर्व सवा लाख गायत्री मंत्र जाप, साधना कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मौके पर सहायक प्रबंध ट्रस्टी व जिला महिला मण्डल प्रमुख श्रीमती खिलेश्वरी किरण, श्रीमती शकुन कश्यप, श्रीमती सावित्री पटेल, श्रीमती सुशीला छाटा श्रीमती माया साहू, श्रीमती यशोदा साहू, श्रीमती प्रमिला साहू, राजकुमार साहू, शेखन साहू, माखनलाल साहू, रामकिशोर तारम, कार्यालय प्रभारी गजानंद साहू सहित अन्य गायत्री परिजन उपस्थित थे।

---

# पेट रोग संबंधी बीमारियों का हुआ निःशुल्क उपचार



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

उर्मिला मेमोरियल अस्पताल भाटागांव रायपुर के प्रमुख डा. विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन नयापारा में पेट रोग से संबंधित बीमारियों का उपचार किया। लगभग एक घंटे तक उन्होंने दो दर्जन से अधिक लोगों का उपचार कर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पहली बार पत्रकार भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया था। डा. सिंह हर महीने दंतेश्वरी अस्पताल में मरीजों का उपचार करने आते हैं। इस बार उन्होंने पत्रकार भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एक घंटे का समय देकर मीडिया कर्मियों और अन्य लोगों का उपचार किया। इस दौरान अस्पताल के कार्यपालन संचालक जसराज बामरा मौजूद थे। बस्तर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष सुरेश रावल, सचिव धर्मेन्द्र महापात्र, उपाध्यक्ष द्वय नवीन गुप्ता और श्रीनिवास नायडू पूरे समय मौजूद रहे। उन्होंने चिकित्सक डा. सिंह से समय-समय पर शिविर लगाकर बस्तर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पेट रोग से पीड़ित लोगों को निःशुल्क उपचार सेवा देने की गुजारिश की। उन्होंने निःशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए आश्वस्त किया।

---

**15 अगस्त 2022 को पूर्व सीएम ने बस्तर में पहली बार खेल को किया था लांच**

# दो साल से कायकिंग केनोई खेल से जुड़े नेशनल खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें तराशने की आवश्यकता है। जिन खेलों में खिलाड़ियों को उचित संसाधन के साथ अवसर दिया गया, वे अपने परिश्रम के दम पर बस्तर का झंडा राष्ट्रीय स्तर पर बुलंद किया। खासकर महिला और पुरुष फुटबॉल में। अब तो बस्तर की लड़कियां विदेशों में क्लब फुटबॉल खेल रही है। पुरुष फुटबॉल भी राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा चुका है। इस कड़ी में एक अन्य अंतराष्ट्रीय खेल कायकिंग केनोई स्पर्धा जो पानी में वोटिंग से जुड़ा है, दो साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त 2022 को इसे पहली बार बस्तर में लांच किया। पूरे छत्तीसगढ़ में बस्तर के अलावा यह कायकिंग केनोई इवेंट राजधानी रायपुर को छोड़ कही नही है। बस्तर के युवाओं में खेल के प्रति शुरू से जोश और जुनून है। यही कारण है कि इस खेल में शामिल दो युवा कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। जिनमें सत्यदेव बघेल और फुलेश्वर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और भोपाल राष्ट्रीय स्पर्धा में फाइनल तक पहुंचे। फाइनल में विजेता नही बन पाए, लेकिन कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर फाइनल तक पहुंचना कम बड़ी बात नही है। अब इन खिलाड़ियों को लगभग 1 साल से प्रशिक्षण नही दिया जा रहा है। इस पूरे मामले में खेल एवं युवक कल्याण विभाग मौन साध लिया है।



### फंड रिलीज होते ही शुरू करेंगे प्रशिक्षण

इस स्पर्धा के लिए डीएमएफ फंड से प्रशिक्षक की व्यवस्था की गई थी। 8 माह से फंड की समस्या के चलते बच्चों को प्रशिक्षण नहीं मिल रहा है। फंड रिलीज होते ही संविदा में प्रशिक्षक की भर्ती कर दुबारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राजेन्द्र डेकाटे
**उपसंचालक,** खेल एवं युवक कल्याण बस्तर

### 10 से 25 आयु वर्ग के 35 खिलाड़ी का भविष्य पर सवाल

दो सीनियर खिलाड़ियों ने बताया हम पूरी तरह से ट्रेंड नही हुए है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर खेल में सम्मिलित होने से हमें पानी में अभ्यास करने में कोई खतरा नहीं है। इसलिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग के द्वारा हमें नियमित अभ्यास के लिए दो वोट और पैडल उपलब्ध कराया गया है। जबकि 10 से 25 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 30 बच्चे इस स्पर्धा के लिए ट्रेनिंग ले रहे थे। कोच के अभाव में ये सभी बच्चे लगभग 1 साल से घर बैठ गए हैं।

### दो सीनियर प्रतिभागी नियमित कर रहे अभ्यास

सत्यदेव, फुलेश्वर और देवेंद्र ने बताया 2022 से शुरू हुए स्पर्धा में अलग-अलग आयु वर्ग के 30 से 35 बच्चे प्रतिदिन सुबह और शाम 2-2 घण्टे रायपुर से पहुंचे प्रशिक्षक अशोक साहू से दलपत सागर में ट्रेनिंग लेते थे। पिछले एक वर्ष से प्रशिक्षण बन्द हो गया और कोच अशोक साहू वापस रायपुर चले गए। तब से दोनों प्रतियोगी नियमित रूप से सुबह-शाम दलपत सागर आकर बिना तकनीकी ट्रेनिंग के अभ्यास कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों को अकेला छोड़ दिया गया है। उनकी कोई पूछ परख हो रही है और न ही इन्हें स्पर्धा में दक्ष ट्रेंड करने किसी कोच की व्यवस्था की गई।

---

## पेज 11 के शेष

### हथियार लूटने पुलिस...

कसनसुर दलम के सदस्य मारे गए। गढ़चिरौली जोन के पुलिस उप महानिरीक्षक अंकित गोयल, पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि ऑपरेशन में पूरे कोरची-टिपगाड और चटगांव-कासनसुर दलम का सफाया हो गया है, जिससे उत्तरी गढ़चिरौली का अधिकांश भाग माओवादियों के प्रभाव से मुक्त हो गया है ।

### बोलेरो की ठोकर...

को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मैं जमीन पर गिर गई, जिससे मेरे दाहिने गाल, दाहिने हाथ, बांया पैर में चोंटे आई है। ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर में भर्ती करया गया, जंहा पर मेरा ईलाज हुआ। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दहेज के लिए...

मेरे जेवरात को भी गिरवी रख दिया है। हमेशा मारपीट एवं गाली गलौच करने के कारण मै अपने मायके ग्राम करगा आ गई थी। 30 मई को साहू समाज द्वारा लिखित सुलह समझौता हुआ था, लेकिन ससुराल पक्ष ने सुबह समझौता इकरारनामा का पालन नही किया। दुबारा ससुराल वाले दहेज के लिए तंग करने लगे, जिससे मैं परेशान होकर थाना आकर रिर्पोट दर्ज कराई हूं। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 85 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### निर्माणाधीन काम्पलैक्स से...

व्यक्ति के द्वारा मशीन एवं ग्लेंडर को चोरी कर ले गया है, जिसकी कीमत 5 हजार रुपएं है। प्रार्थी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### लाइसेंस शिविर कटेकल्याण में आज

**दंतेवाड़ा।** जिले के आम नागरिकों के सुविधा की दृष्टि से कार्यालय जनपद पंचायत कटेकल्याण में 19 जुलाई को अस्थायी लाइसेंस (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से 5:30 बजे तक किया जा रहा है। अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) परिवहन सुविधा केंद्र द्वारा बनाया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता (सेट) परीक्षा 21 को

**दंतेवाड़ा।** दन्तेवाड़ा जिले में छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता (सेट) परीक्षा का आयोजन 21 जुलाई को दो पालियों में सुबह 10 से 11:15 और दोपहर 2 बजे से 4:15 तक निर्धारित किया गया है। इसके तहत परीक्षा केन्द्रों में शासकीय दन्तेश्वरी महाविद्यालय दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पातररास, शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या कॉलेज दंतेवाड़ा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर हाई सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल कारली, सरस्वती शिशु मंदिर हाई सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, अरुणोदय स्कूल कारली, शासकीय आदर्श हाई सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, निर्मल निकेतन हाई स्कूल कारली, शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल गीदम, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल गीदम, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर हाई सेकेंडरी स्कूल जावंगा गीदम, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा गीदम, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कारली जावंगा, आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा, एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावंगा गीदम, शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल चितालूर तथा शासकीय हाई स्कूल बालूद परीक्षा केन्द्र सम्मिलित है।

### पिकअप पलटी, बाल-बाल बचे चालक और परिचालक



**परचनपाल।** उड़ीसा जगदलपुर से होकर रायपुर की ओर जा रही पिकअप क्रमांक सीजी 07.बीडी .9949 मूंगफली लोडिंग लेकर जा रही थी। बीते रात राष्ट्रीय राजमार्ग परचनपाल के समीप अचानक गाय के आ जाने से उसे बचाते समय गाड़ी रोड से नीचे उतरते समय पलट गई। इस घटना में चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए। बस्तर पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की छानबीन की।

### निधन

### नीलिमा राय चौधरी



**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था के उपाध्यक्ष जतिन राय चौधरी की माता नीलिमा राय चौधरी (92) का आज सुबह निधन हो गया। वह तीन बेटे, बहू, दो बेटी, दामाद, नाती-पोता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई। शिल्पी संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी ने संस्था की ओर से शोक संवेदना व्यक्त किए।

---

### सांसद की अध्यक्षता में संसद सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

# नागरिकों को यातायात के नियमों की दी जाए जानकारी : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में संसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज की गई। बैठक में सांसद कश्यप ने कहा कि कुछ वर्षों से गाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ गई है, लेकिन वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता की कमी है। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नागरिकों को यातायात के नियमों की जानकारी हो, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। लोगों की सुरक्षा, समुचित यातायात व्यवस्था, पार्किंग सुविधा के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने ई-चालान के लिए भी अधिक प्रचार-प्रसार करने के सुझाव दिए।

संसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना के कारणों की पहचान एवं रोकथाम, प्रोटोकॉल के अनुसार ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य की समीक्षा और निगरानी तथा सभी सड़क इंजीनियरिंग उपाय, राष्ट्रीय-राज्यों सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव प्रदान करना। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुये स्कूल बसों का निरीक्षण और मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही। गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों की समीक्षा करना, शहर में पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा, प्रमुख मार्गों को चिन्हांकित कर अतिक्रमण हटाने। व्यस्तम आवागमन वाले सड़कों पर आवारा पशुओं पर आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, जिले में दुर्घटना के समय सहयोग करने वाले को प्रोत्साहित करने हेतु, नगर-शहर तथा जिले में ग्राम पंचायत में यातायात पार्क-सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्यवाही, दुर्घटना वाले क्षेत्र में तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के एजेंडों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, सीएसपी उदय पुष्कर समेत समस्त समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को परिवहन सुविधा देने वाले ऑटो, वैन का भी सतत निगरानी रखें : कलेक्टर

### आवश्यक कार्रवाई करें

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि स्कूली बच्चों को परिवहन सुविधा देने वाले ऑटो, वैन का भी सतत निगरानी रखें और उनके गति को नियंत्रित करवाने की कार्यवाही करें। उन्होंने यातायात नियमों के विरुद्ध क्षमता से अधिक लोगों को बिठाकर वाहन चलाने वालों पर आवश्यक कार्यवाही कर वाहनों को राजसात या भारी जुर्माना करवाने के निर्देश दिए। साथ ही वाहनों में डीजे लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में मुख्यमंत्री डीएवी स्कूलों को प्रशासन द्वारा प्रदत्त बसों के संचालन के लिए टैक्स में छूट और फिटनेस प्रमाणित करवाने की बात कही। जिस पर आरटीओ बंजारे ने बताया कि शासन से इसकी अनुमति दी गई है।



### राष्ट्रीय राजमार्ग और जिला मार्ग में 6 जगहों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित

पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग और जिला मार्ग में छः जगहों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इन जगहों में दुर्घटना को रोकने हेतु इंटरसेप्टर वाहन की तैनाती से वाहनों की स्पीड नियंत्रण, बिना हेलमेट वालों पर चालानी कार्यवाही, मशीन से चालकों की नशा की स्थिति की जांच सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही की गई है। साथ ही एप्रोच रोड में ब्लिंकर लगाने, रम्बलर स्ट्रिप लगाने का भी कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु शहर को चार जोन में विभक्त कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही सड़कों का मार्किंग, स्पीड बोर्ड लगाने, ई-चालान को बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

---

# एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर




नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होते ही राज्य से प्राप्त दिशा निर्देश एवं कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन अनुरूप विकास खण्ड बस्तर में शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए शालाओं का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने आज शालाओं का सघन निरीक्षण किया। शालाओं में जो खामियां दिखाई दे रही है, उसे मौके पर ही सुधारने निर्देशित किया तथा जो बच्चे शाला से अनुपस्थित पाए जा रहे है। उनके पालकों से सम्पर्क कर उनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत स्कूल में सुनिश्चित करने को कहा गया।

सभी शिक्षक को शाला समय पर आने व जाने का कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया गया। मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार तैयार करने समूह को व रसोइयों को निर्देशित किया गया। बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत आश्रित शालाओं में माध्यमिक शाला चमिया, प्राथमिक छोटे आमाबाल, प्राथमिक चमिया, माध्यमिक बड़े आमाबाल, प्राथमिक बड़े आमाबाल, कन्या बस्तर, बालक बस्तर सहित आधा दर्जन शालाओं का सघन निरीक्षण किया गया। उनके साथ संकुल समन्वयक आमाबाल उपस्थित थे। अधिकारी द्वारा जानकारी में बताया गया कि उनका निरीक्षण नियमित जारी रहेगा। शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नही किया जाएगा। उनके द्वारा संकुल समन्वयकों को भी नियमित भ्रमण करने व अध्यापन कराने के लिए निर्देशित किया गया।

---

# ओडिशा के कोटपाड़ में गौ तस्करी पर होगी कठोर कार्रवाई : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- विहिप और बजरंगदल ने कोटपाड़ विधायक रूपू भतरा से की भेंट
- गौ तस्करी, गौ हत्या तथा नशा का व्यापार विषयों पर हुई चर्चा



बस्तर जिले से सटे पड़ोसी प्रांत ओडिशा के बस्तर सीमा पर स्थित कोटपाड़ के भाजपा विधायक रुपू भतरा से बस्तर के विहिप व बजरंगदल के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। जिसमें बस्तर से ओड़शिा जा रहे गौ वंश को गौ हत्यारों से बचाने, गांजा तस्करों पर कार्यवाही करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विधायक ने बताया कि पूर्व सरकारों के ध्यान नहीं देने की वजह से कोटपाड़ को अन्य राज्यों में बदनामी झेलनी पड़ी, किंतु वर्तमान सरकार सजग और सक्रिय है। गौ तस्करी, गौ हत्या, गांजा तस्करों पर कठोर कार्यवाही करने विशेष योजना के तहत ओड़शिा सरकार कार्य कर रही है। विहिप प्रांत सदस्य प्रचार विभाग रोहन कुमार ने बताया बीते कुछ वर्षो में जिन गौ मांस तस्करों को पकड़ा गया है उनके द्वारा कोटपाड़ का खाल साइ नामक स्थान बताया गया। जहां चोरी छिपे गौ हत्या कर, गौ मांस भक्षकों तक पहुंचाया जा रहा है। निश्चित ही ओड़शिा सरकार की कार्यवाही गौ व गांजा तस्करों पर किया जाना एक सकारात्मक कदम होगा। साथ ही बस्तर जिले के संबंधित विभाग मांसाहारी भोज्य पदार्थो की समय समय पर जांच करे और गौ तस्करी रोकने विशेष टीम का गठन करें। बैठक में जिला संयोजक घनश्याम नाग, सह संयोजक मुन्ना बजरंगी, खिरेंद्र दास, भवानी सिंह चौहान, सनी रैली, गौरव ठाकुर, सुमित गुप्ता, देव यादव, पवन राजा, राजेश सेठिया उपस्थित थे।

---

# पौधे को बेटी की तरह पालना व माता की तरह सेवा करनी चाहिए : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोंगपाल

- बस्तर सामाजिक सेवा समिति ने किया पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण जागरूकता अभियान



सुकमा जिले के व्यापारिक नगरी तोंगपाल में बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति के माध्यम से मां दुर्गा मंदिर में आम, अमरुद, काजू व जामुन फलदार पौधों का रोपण का कार्य आज किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसके.भट्टाचार्य, मनोज तिवारी, समर बहादुर सिंह भदौरिया, जयदीप सिंह भदौरिया, देवेश नाहटा, रमेश प्रजापति, कृष्ण कुमार दीक्षित, सपन शाहा, डोमुराम, विनोद भदौरिया, तोंगपाल रेंजर जागेश्वर साहू एवं हरि यादव उपस्थित रहे। वन विभाग के समस्त कर्मचारी व तोंगपाल के नागरिक व बच्चे भी उपस्थित होकर इस पौधरोपण कार्यक्रम के सहभागी बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता दीपिका शोरी ने की। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव गौरव राठौर ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख- समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान हरी यादव ने सभी से पौधा रोपण करने का आह्वान करते हुए नन्हें बालक ने लाल चंदन का पौधा रोपा। साथ ही जरूरतमंदों को पौधा ले जाने की बात कही। इसके पश्चात मनोज तिवारी ने पौधारोपण करने के साथ- साथ पौधों के संवर्धन के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी तोंगपाल जागेश्वर साहू ने पौधरोपण में अपने विभाग की सहभागिता के विषय में बताते हुए जंगल कटाई को रोकने, वृक्षों का पर्यावरण हेतु महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कहा कि आज वृक्षों की कटाई के कारण पूरे देश ने इस वर्ष भीषण गर्मी को सहन किया हैं। इसे दूर करने का एक मात्र उपाय पौधरोपण एवं जंगल का संरक्षण हैं। आज हमारा क्षेत्र उस गर्मी के स्तर पर नहीं पहुंचा, जो देश की राजधानी दिल्ली में रहने वालों ने महसूस किया हैं। उसका एक मात्र कारण हमारे क्षेत्र के जंगल हैं, हमें सिर्फ पौधरोपण ही नहीं करना है। अपितु उनका संरक्षण भी करना है। हमें पौधों को अपने बच्चों की तरह पालना हैं व अपनी माता की तरह सेवा भी करनी हैं। जिस प्रकार हमें अपनी मां के गोद में किसी भी प्रकार की परेशानी का एहसास नहीं होता, वैसे ही वृक्ष की छाया में हमें जो सुकून मिलता हैं वो कहीं और नहीं मिलता।

### अतिथियों ने किया पौधरोपण

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों ने मंदिर प्रांगण के चारों ओर पौधरोपण कर पौधों को जाली से सुरक्षित करते हुए पौधों को संरक्षित करने शपथ भी लिया। विदित हो कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को शामिल होना था। लेकिन पौधरोपण की तिथि की सुबह 7 बजे उनके पीएसओ को अटैक आने की वजह से अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विधायक विनायक पूरे दिन मेडिकल कॉलेज में रहकर उनके स्वास्थ्य की चिंता की। उनके अनुपस्थिति में उनके स्थान पर उनके प्रतिनिधि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष भानू भदौरिया ने पौधरोपण किया।

### जन्मदिन, सालगिरह पर रोपे पौधे

अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कार्यक्रम में उपस्थित बालकों को अपने व अपने परिजनों के जन्मदिन एवं सालगिरह पर उन्हें भेंट स्वरूप पौधा देने प्रेरित किया। उन्होंने कहा ऐसे छोटे-छोटे कार्य कर विश्व सुरक्षा हेतु बड़ा कार्य करने में अपनी सहभागिता हम सुनिश्चित कर पाएंगे।

### समिति 5 वर्षों से कर रही लोगों की सेवा

विदित हो बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति पिछले पांच वर्षों से ग्रामीणों की सेवा कर रही हैं। कोरोना काल में मास्क, सेनेटाइजर वितरण सूखा राशन वितरण का कार्य किया। कोंटा में बाढ़ के दौरान इस समिति ने कंबल, चटाई वितरण कार्य भी किया।

कोंटा निवासी बुजुर्ग महिला नागुल सितम्मा को एक कमरे का घर बनाकर उनके दैनिक उपयोग की समस्त सामग्री भी लोगों के सहयोग से उपलब्ध करवाए।

---

# खड़ी ट्रक से टकराई बालिका, गंभीर चोट आई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



- आरटीओ आफिस और पुलिस लाईन के समीप लंबे समय से खड़ी है ट्रक

शहर सीमा से लगे आड़ावाल ग्राम पंचायत के औरना कैंप निवासी हेमाक्षी ठाकुर (12) पिता सुरेंद्र ठाकुर सुबह सायकल से स्कूल जा रही थी उसका रास्ते में खड़ी ट्रक से टक्कर हो हुई। बताया गया है कि ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 3309 नो पार्किंग जोन में लंबे समय से खड़ी है। जबकि इसी मार्ग पर आरटीओ कार्यालय और पुलिस लाइन स्थित हैं। साइकिल का संतुलन बिगड़ने से वह खड़ी ट्रक से टकरा गयी। जिससे बच्ची को सिर में गंभीर चोट लगी है। हेमाक्षी ने बताया कि स्कूल का चपरासी वहां मौजूद था और वह लोगों से बोल रहा था की उसे घर लेकर जाओ। जबकि उनका फर्ज था कि वह बच्ची को सबसे पहले नजदीकी हॉस्पिटल ले जाकर इलाज कराते। बच्ची को घर से महारानी अस्पताल ले जाया गया बच्चे की हालत में सुधार है। सवाल यह है कि अगर बालिका को ज्यादा चोट लग जाती और उसका इलाज में देरी होती तो कौन इसका जिम्मेदार होता।

---

### जिला प्रशासन ने दृष्टि बाधित पार्वती को दिया मोबाइल

# पार्वती अब मोबाइल से सुनकर करेगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



ब्लॉक दन्तेवाड़ा के ग्राम मटेनार के निम्न मध्यम वर्गीय कृषक परिवार की 18 वर्षीय दृष्टि बाधित पार्वती को दृष्टि हीनता पढ़ाई में कभी बाधक नहीं बना पाई। शिक्षा के प्रति इसी ललक को दृष्टिगत रखते हुए प्रोत्साहन स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा उसे आज एंड्रॉयड सेल फोन दिया गया।

इस संबंध में पार्वती के बड़े भाई मनीराम ने बताया कि उसकी बहन जन्म से ही दृष्टि बाधित थी। परन्तु पढ़ाई लिखाई के प्रति उसका झुकाव बचपन से ही रहा। अपनी इसी इच्छा शक्ति के बल पर उसने अपनी प्राथमिक पढ़ाई ग्राम बड़े पनेड़ा से पूरा किया। फिर हाई स्कूल तक की पढ़ाई के लिए उसने जावंगा स्थित सक्षम-2 में दाखिला लिया। ज्ञात हो कि एजुकेशन हब जावंगा स्थित सक्षम-2 आवासीय विद्यालय में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अध्ययन की विशेष व्यवस्था की गई है। इस तरह पार्वती पोडियाम ने यहां पर भी सफलतापूर्वक 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में वह रायपुर स्थित डिग्री गर्ल्स कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। इस संबंध में उसके भाई का कहना था कि उक्त महाविद्यालय में इसी वर्ष पार्वती ने प्रवेश लिया है। जहां उसके ही समान दृष्टि हीन दिव्यांगों को विशेष तौर पर अध्ययन कराया जाता है। चूंकि अब आधुनिक मोबाईल या सेल फोन में दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रकार के एप की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। जिसमें दिव्यांग छात्र-छात्राएं सुनकर ही अपने पाठ्यक्रम को भली भांति समझ कर पढ़ाई कर सकते है और पार्वती पोडियाम ने ब्रेल लिपि के माध्यम से ही जावंगा के सक्षम-2 आवासीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की है। परन्तु महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए उसे एक एंड्रॉयड फोन की आवश्यकता थी। परन्तु अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते मोबाईल खरीदने में समस्या आ रही थी।

इसके लिए उसे समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क कर मोबाईल के लिए आवेदन किया। जिस पर जिला प्रशासन ने त्वरित पहल करते हुए उसे मोबाईल उपलब्ध करवाया। बहरहाल मोबाईल मिलने से प्रसन्नचित पार्वती जिला प्रशासन को साधुवाद देते हुए कहती है कि अब वह निश्चिंत होकर अपने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सकेगी।

उसने आगे कहा कि भविष्य में वह शिक्षिका बनाना चाहती है, ताकि उसके जैसे अन्य दिव्यांग छात्र-छात्रा शिक्षित होकर समाज में अपना स्थान बना सकें। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग से जानकारी दी गई कि विभागीय योजना के तहत अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पूर्व में भी मोबाईल, टेबलेट भी दिये जा चुके है। कुल मिलाकर समाज कल्याण विभाग के इस संवेदनशील योजना से निश्चित ही दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ेगा और वे शिक्षा के प्रति प्रेरित होकर समाज के मुख्य धारा से जुड़ पायेंगें।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप




### तीन लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ाया युवक

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 18 मायापुर निवासी 23 वर्षीय पंकज दास पिता परेश दास के कब्जे से पुलिस ने 17 जुलाई कि रात साढ़े 8 बजे घर में रखे हाथ भट्ठी से बना देशी महुआ शराब को बिक्री करते हुए पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था की आरोपी अपने कब्जे से महुआ शराब रख हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा, जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक थैला के अंदर एक सफेद रंग कि जरकीन में कुल 3 लीटर हाथ भट्ठी से बना देशी महुआ शराब किमती 360 रुपएं को जप्त कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पटवारी संघ की हड़ताल ग्यारहवें दिन भी जारी

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ 8 जुलाई से शुरु हुई हडताल आज ग्यारहवे दिन भी जारी राजस्व पटवारी संघ के प्रान्तीय आह्वान पर आज सभी हड़ताली पटवारी काले कपड़े मे विरोध प्रदर्शन कर धरना स्थल मे उपस्थित है और अपनी मागों को जब तक शासन नही मानती है तब तक अपना हड़ताल जारी रखने कि बाते कहीं अब तक राजस्व पटवारी संघ के प्रान्तीय पदाधिकारीयों का प्रशासन से तीन बार वार्ता विफल हो चुका है, उसके बाद 17 जुलाई को सभी जिला अध्यक्षों कि बैठक रायपुर तूता मे आयोजित कि गई जिसमें सभी ने एकमत से हड़ताल को जारी रखने व जब तक लिखित मे आदेश जारी न हो जाए तब तक हड़ताल जारी रखा जाएगा।

### युवती ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम डब्बीपानी निवासी यशोदा बाई का फांसी लगाने के कारण मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका 15 जुलाई को घर के म्यार में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पेट दर्द से परेशान युवती ने लगाई फांसी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम चनार निवासी कुमारी बाई का फांसी लगाने के कारण मौत हो गया। प्रेमलाल शोरी ने पुलिस को बतया की 17 जुलाई को मृतिका पेट दर्द की बीमारी से परेशान थी, जिससे कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है ।

# ऑनलाइन कोचिंग सेंटर का शुभारंभ, यूपीएससी और पीएसएसी में मिलेगा मदद

**छात्रों को बेहतर माहौल मिलेगा : एसडीएम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

खुली किताब लायब्रेरी में अब छात्रों को आनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी जिसका शुभारंभ गुरुवार से किया गया है। UPSC/CGPSC परीक्षा की तैयारी हेतु ऑनलाइन कोचिंग सेंटर का शुभारंभ भानुप्रतापपुर स्थित खुली किताब भवन में एसडीएम आस्था राजपूत के द्वारा फीता काटकर किया गया।

दरअसल शासन प्रशासन की ओर से परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र छात्राओं को ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से इस कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है।आदिवासी पिछड़े अंचल के बच्चों के लिए खुली किताब मील का पत्थर साबित होगा, यूपीएससी, सीजी पीएससी सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन क्लास की सुविधा प्रारंभ किया गया है। ऑनलाइन क्लास के लिए छात्राओं को महीने में न्यूनतम शुल्क देकर लाभ ले सकते है। आन लाइन क्लास के लिए लायब्रेरी में बड़ा मॉनिटर लगाया गया है जो वाई फाई से कनेक्ट रहेगा। गुणवत्तापूर्ण कोचिंग सुविधा के साथ ही बेहतर माहौल भी होगा। इस अवसर पर एसडीएम आस्था राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग सुविधा के साथ-साथ बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है।यहां पर ऑनलाइन कोचिंग सेंटर खुलने से अनुकूल वातावरण में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। सभी वर्ग के विद्यार्थी सर्वोत्तम शिक्षा और सुविधाओं का लाभ उठाएं। यह योजना उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।





**कैरियर के लिए मिलेगा मार्गदर्शन**

बीईओ सदे सिंह कोमरे ने कहा इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और कोचिंग प्रदान करके उनके करियर को संवारना है। इस प्रकार शाखाएं खोलने से विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।अपितु भानुप्रतापपुर विकासखंड मे प्रतियोगिता परीक्षा के लिए एक माहौल तैयार होगा!कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से प्राचार्य टी एस ठाकुर, पी आर.भारद्वाज, लखन जुरी ,पत्रकार राजू दुबे,वकील राजेश तिवारी,समन्वयक बी. एस. रावटे कालेज छात्रावास अधीक्षक कामदेव टेकाम, नीतेश कोडोपी, प्रवीण रामटेके,बीआरसी,एपीओ आदि उपस्थित रहे है।

## धनेसरा के शिविर में विधायक के साथ कलेक्टर भी हुए शामिल

# जसनि शिविर में विधायक ने किया ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम धनेसरा में आयोजित किया गया। शिविर में विधायक आशाराम नेताम एवं कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर भी शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभाग अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल में ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 78 आवेदनों का निराकरण मौके पर यथासम्भव किया गया, जबकि शेष 43 प्रकरणों का निबटारा नियमानुसार समय-सीमा में करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

आयोजित शिविर में विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने जिले से ब्लॉक स्तर के अधिकारी आए हैं। शासन की योजनाओं से जुड़कर उसका लाभ जरूर उठाएं। सभी विभाग के अधिकारियों से भी कहा कि लोगों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की सभी योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं। अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए सभी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें और साथ ही विधायक ने ग्रामीणों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है।



कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देश पर आज से शासकीय योजनाओं का लाभ आम जनता को उनके गांव में ही पहुंचाने के उद्देश्य से आज जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुरू किया गया है। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस शिविर में जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उन पर तुरंत आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करें। इसके अलावा अन्य कोई अति आवश्यक मांग या समस्या आती है तो प्रत्येक मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में भी आकर अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करा सकते हैं। धनेसरा के पंचायत भवन में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में भैंसमुंडी, गंवरसिल्ली, भिरौद, अभनपुर, देवरीबालाजी, मानिकपुर, बुदेली, करप, डंवरखार, मुड़पार, सरोना, चोरिया, साल्हेभाट, कुम्हानखार, सारण्डा, लेण्डारा, बांसपत्तर, रावस सहित कुल 19 गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया और अपनी मांग एवं समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन भी प्रस्तुत किए।

आयोजित शिविर में जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, जनपद पंचायत नरहरपुर अध्यक्ष मंजूलता नेताम, उपाध्यक्ष सोनू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# ब्रिज की सफाई के लिए आगे आया सेतु विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर के एक मात्र रेल्वे ओवरब्रिज पर जमी मिट्टी की वजह से राहगीरों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए मुक्तिधाम विकास समिति भानुप्रतापपुर के द्वारा रेल्वे ओवर ब्रिज के ऊपर जमी मिट्टी की सफाई के साथ ही बंद हुए होल्स को खोलने हेतु श्रमदान किया जा रहा था। समिति की मांग पर गुरुवार को सेतु विभाग कांकेर के इंजीनियर विनोद कुमार व महेंद्र ठाकुर ने ब्रिज का दौरा किया और सफाई हेतु कर्मचारी भी नियुक्त किये। आगामी 3 से 4 दिनों में ब्रिज की सम्पूर्ण सफाई का आश्वासन भी दिया। समिति के इस प्रयास से आम नागरिकों सहित राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी।

बता दें कि नगर के कुछ गणमान्य नागरिक व व्यापारियों ने मिलकर मुक्तिधाम विकास समिति का गठन किया है। इनके द्वारा गरीब व बेसहारा लोगों को अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व गोबर के कंडे उपलब्ध कराए जाते हैं। हालही में समिति के माध्यम से मुक्तिधाम का कायाकल्प व साफ सफाई कराई गई, साथ ही पौध रोपण भी किया गया। समिति के संरक्षक अनंत गोपाल कोठारी एवं सलाहकार चंद्रप्रकाश कटझरे, अध्यक्ष शंकर गांधी, उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद सोनी, राकेश रमानी, सचिव दीपक शर्मा, सहसचिव वामन डड़सेना, कोषाध्यक्ष जीआर मरस्कोले एवं सदस्य ईश्वर साहू, देवेंद्र भाटिया, त्रिलोक चोपड़ा, पंकज यादव, जीवन यादव, सूरज मोटवानी, द्वारिका वनपाल, भक्तेश्वर सिन्हा, गौरव शर्मा, करणसिंह ठाकुर, अजय शर्मा, भीम कुमार देवांगन, विशाल आहूजा, सुभाष विश्वकर्मा, भगवान सिंह कुंजाम, पंकज यादव, हेमकुमार पटेल, प्रगट सिंह दंदीवाल हैं।

## खेती जमीन की बात को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, मामला दर्ज

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम बनौली में खेती की बात को लेकर कच्ची रोड के पास दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद बढ़ते-बढ़ते गाली गलौज कर मारपीट में बदल गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है।

कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम बनौली निवासी 40 वर्षीय हिरू राम मरकाम पिता भोटकु राम मरकाम ने पुलिस को बताया की मैं खेती किसानी का काम करता हूं। 15 जुलाई को सुबह करीबन 9 बजे बिरेन्द्र मंडावी व अजय मंडावी मेरे घर में आकर बताया कि आपको बृजलाल मंडावी बुला रहें है। बताने पर मैं और मेरी पत्नी बिसोन बाई मरकाम दोनो बताए जगह राकेश वट्टी के घर के सामने कच्ची रोड पर पहुंचे। वहां पर पहले से ही वहां पर आरोपी बृजलाल व उसकी भाभी कुमारी बाई मंडावी थे। तब मुझे देखकर खेती की बात को लेकर आरोपी के द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे पीठ, छाती और दाहिना हाथ मे चोट आई है। जैसे तैसे मारपीट छुड़ाने के बाद आरोपी व उसकी भाभी के द्वारा मेरी पत्नी को गाली गलौज कर तुझे भी जान से मार दूंगा कहकर गला को पकड़कर मारपीट करने लगे, जिससे उसके गला मे दर्द हो रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## सुरक्षा के लिए लगाए मेटल बेरियर को ट्रक ने ठोकर मारकर किया क्षतिग्रस्त



**कांकेर।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 कांकेर बाईपास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जहां पर श्रीराम इपीसी लिमिटेड कंपनी के द्वारा नांदनमारा पुल के पास सड़क किनारे दोनो तरफ सुरक्षा के लिए सिंगल बिम मेटल बेरियर लगाया है। जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 07 एन 6023 के चालक ने अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे तारसगांव निवासी अस्थाई कैम्प नाथियानवागांव श्रीराम इपीसी लिमिटेड कंपनी कार्डिनेटर 55 वर्षीय तुलसीदास जैन पिता स्व.अकबाल सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में हमारी कम्पनी द्वारा राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या 30 के कांकेर बाईपास सड़क का निर्माण कर रही है व निर्माणाधीन अवस्था में है। कंपनी के द्वारा हाल ही में नांदनमारा पुल के समीप सड़क किराने दोनो तरफ सुरक्षा की दृष्टि से सिंगल बिम मेटल क्रास बेरियर लगाया था, जिसे राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 स्थित सड़क किनारे लगे क्रास बेरियर को 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे से साढ़े 3 बजे के मध्य जगदलपुर की ओर से रायपुर की ओर जा रही वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 07 एन 6023 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है और वाहन चालक ट्रक को लेकर घटना स्थल से फरार हो गया है। उक्त घटना से लगभग 1 लाख रूपएं की लागत के उक्त मेटल क्रास बेरियर सम्पति को नुकसान पहुंचाया गया है। आरोपी वाहन चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाकर ठोकर मारने से क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281, 324(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# सरस्वती साइकिल से बेटियों की शिक्षा की राह हुई आसान

**भानुप्रतापपुर।** राज्य सरकार बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्कूलों से उनकी दूरियां मिटाने का कार्य सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से कर रही है। जिससे आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है। इससे बालिकाओं के शिक्षा में बाधा बनने वाली दूरियां तो दूर हुई है, साथ ही बालिकाओं के स्कूल छोडऩे की दर में भी कमी आई है।



योजनान्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा के साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध करना है। इस मौके पर जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य दन्तेश्वरी वट्टी, ग्राम सरपंच कोलर तारावती बघेल, भूतपूर्व सरपंच तेजसिंह बघेल, प्राचार्य एच. के.साहू, आर. आर. मरकाम, एल. के. केभार्य, मानसिंह दुग्गा एवं कक्षा शिक्षक नीरज गजेन्द्र एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व पालळगण उपस्थित रहे।

## कोण्डे स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए सोमवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव शाउमावि कोण्डे के प्रांगण में आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग और अध्यक्ष संतो बाई दुग्गा रहें। अतिथियों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती की तैलचित्र के समक्ष सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्जवलित कर समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीणों के समक्ष कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत, निशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश का वितरण, दसवीं बारहवीं में सर्वाधिक प्रतिशत अर्जित करने वाले टॉपरों



नवोदय विद्यालय, राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में चयनीत विद्यार्थियों के संस्था को सम्मानित किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में नीम का पौधारोपण भी किया गया।

### सर्पदंश से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत ग्राम धनपुरसी निवासी अर्जुन उसेण्डी का साप के काटने से मौत हो गया। बैजूराम उसेण्डी ने पुलिस को बताया की मृतक 17 जुलाई को लकड़ी काटने खेत गया था और लकड़ी काटते समय जहरीले साप के काटने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## उद्यानिकी फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 31

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से उद्यानिकी फसलों के किसानों को राहत दिलाने के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष-2024 में फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस योजनान्तर्गत किसान टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा, समिति, सीएससी, डाकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ आधार कार्ड, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र की कॉपी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, मोबाइल नंबर, किसानों के लिए फसल साझा एवं कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक उद्यान, जिला पंचायत परिसर, संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी तथा तहसील कार्यालयों में संपर्क कर सकते हैं।

**अंतागढ़ क्षेत्र में दो साल पूर्व हुई थी दुष्कर्म की घटना**

# 6 वर्ष की बालिका से दुष्कर्म, युवक को बीस वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रूपये का अर्थदण्ड की सजा मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

अंतागढ़ थाना क्षेत्र में एक 6 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर के विशेष न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट,धारा 376 (क) (ख) भा.द.वि के आरोपी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई है।

मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ क्षेत्र में दो साल पहले नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा हुई। भानुप्रतापपुर के न्यायाधीश दीपक के. गुप्ता ने थाना अंतागढ़ क्षेत्र में आरोपी सियाराम वट्टी(33) पिता अजनू राम वट्टी साकिन तारलकट्टा को धारा 342 भादवि के तहत 2 वर्ष की सजा एवं 1 हजार रूपये।( अर्थदण्ड, जुर्मान के रकम अदा नहीं करने पर 1 माह की अतिरिक्त सजा आरोपी के खिलाफ धारा 376(क) (ख) भादवि एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5, 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड दिया गया, 10 हजार रूपये अदा नहीं करने पर 6 माह का व्यतिक्रम सजा सुनाया गया।10 अप्रैल 2022 को पीडिता जो कि 6 वर्ष की बच्ची कक्षा पहली की छात्रा थी को पीड़िता की मां दुकान में बिस्किट, झिल्ली लेने भेजी थी। पीड़िता, बच्ची एक घंटे बाद दुकान से वापस आकर बताई की आरोपी सियाराम वट्टी दुकान में बैठा था जो मुझे अपने घर ले जाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। न्यायालय के समक्ष हुए गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी सियाराम वट्टी को सजा सुनाई गई है। वर्तमान परिवेश में बालिकाओं के साथ ऐसी घटनाओं में वृद्धि हो रही है जिससे बच्चों का जीवन जीना मुश्किल हो गया है। शासन की ओर से पैरवी अधिवक्ता सीमा तिवारी द्वारा किया गया है।




### दरभा घाट में पानी भरे गड्ढे बन रहे दुर्घटना का कारण

**जगदलपुर।** एनएच-30 में सड़क का हाल बेहाल है। दरभा घाट में मंदिर के आगे बड़ा मोड़ है जहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। गर्मी के दिनों में पेच वर्क हुआ था जहां सड़क खस्ताहाल थी। उधर पेच वर्क नहीं कर बगल में एक तरफ किया गया। वहीं पहली बारिश में ही नाली बनकर गड्ढा हो गया। रात्रि के समय एवं बारिश होने पर गड्ढा नजर नहीं आता है जिससे गम्भीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, [illegible], मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है